मूल्य 1 रु.
वर्ष: 10 - अंक : 21, मुंबई, मंगलवार, 17 मार्च, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

## कोरोना वायरस पर स्वास्थ्य मंत्रालय की हिदायत
# अगले 15 दिन रहें... सावधान



संवाददाता

**मुंबई।** भारत में कोरोना वायरस के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। देश के अबतक 15 राज्यों में कुल 123 केस सामने आ चुके हैं। केंद्र सरकार की ओर कई तरह की सावधानियां बरती जा रही हैं, इसके अलावा एक दर्जन से अधिक राज्यों ने अपने यहां सिनेमा हॉल, स्कूल, कॉलेज को बंद कर दिया है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए सार्क देशों को एक साथ किया और साथ मिलकर एक्शन प्लान बनाया। दुनिया में कोरोना वायरस की वजह से अबतक 6000 से अधिक लोगों की मौत हुई है, जबकि भारत में अभी मौत का आंकड़ा दो है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## महाराष्ट्र: यूनिवर्सिटी में एग्जाम रद्द

महाराष्ट्र के उच्च शिक्षा मंत्री उदय सामंत ने बताया कि राज्य में यूनिवर्सिटी में एग्जाम रद्द कर दिए गए हैं। इससे पहले यूनिवर्सिटी में परीक्षाएं चल रही थीं। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षक 25 मार्च तक घर से काम करेंगे। जब उन्हें कहा जाएगा तभी ऑफिस आना होगा। 27-28 मार्च को एक बार फिर स्थिति का जायजा लिया जाएगा और फिर आगे का फैसला किया जाएगा।

## कोरोना से लड़ने के लिए अहम: सीएम उद्धव

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कोरोना वायरस को लेकर अहम बैठक के बाद कहा कि यह वैश्विक आपदा है। मुंबई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर पहले दो सप्ताह तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। लेकिन तीसरे और चौथे सप्ताह इसका विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिन अहम होंगे। हम जागरूकता फैलाने के लिए राज्य से गुजरने वाली हर ट्रेन को पेंट कराएंगे जिन पर बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया होगा।

## मास्क, सैनेटाइजर महंगा बेचने पर होगा एक्शन

दिल्ली सरकार के नाप तोल विभाग ने महंगे मास्क और सैनेटाइजर बेचने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है। मंत्री इमरान हुसैन ने नाप तोल विभाग के अधिकारियों को औचक निरीक्षण के लिए बाजार में भेजने के लिए निर्देश दिए हैं। जमाखोरी या महंगे मास्क और सैनेटाइजर बेचने वालों को पकड़ेगी नापतोल विभाग की टीम। महंगा मास्क, सैनेटाइजर बेचने पर पुलिस में दर्ज होगा मामला। मंत्री भी करेंगे मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण।




## पुलिस ने छापा मारकर नकली सैनिटाइजर बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, 3 लोग गिरफ्तार
(समाचार पृष्ठ 5 पर)

## सिद्धिविनायक मंदिर में श्रद्धालुओं की एंट्री बंद



**मुंबई।** कोरोना का कहर इंसानों के बाद अब भगवान को भी 'डराने' लगा है। मुंबई के मशहूर सिद्धिविनायक मंदिर को भी अगले नोटिस तक के लिए बंद कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम 7 बजे से ही सिद्धिविनायक मंदिर को बंद किया जा रहा है। मंदिर कब खुलेगा इसके बारे में सूचना बाद में दी जाएगी। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## महाराष्ट्र में होम क्वारंटीन में रखे गए लोगों के हाथ पर लगेगा ठप्पा



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने कहा है कि कोरोना के संदिग्धों के बाएं हाथ पर अब एक ठप्पा लगाया जाएगा। यह ठप्पा उन लोगों के हाथ पर लगाया जाएगा, जो अपने घर पर ही आइसोलेशन में रखे गए हैं। फिलहाल महाराष्ट्र में कोरोना वायरस (Covid-19) के 38 मरीज सामने आ चुके हैं। मरीजों की संख्या को बढ़ने से रोकने के लिए सरकार की ओर से कई तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में सभी जिलों के अधिकारी भी शामिल हुए। इसी बैठक में फैसला लिया गया कि कोरोना से संदिग्धों के हाथ में ठप्पा लगाया जाएगा। फिलहाल प्रोटोकॉल के हिसाब से विदेश से आ रहे नागरिकों को उन्हीं के घर में आइसोलेशन में रखा जा रहा है और उनका सैंपल लेकर टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### एसटी बसों और डिपो की स्वच्छता के लिए आगरा से मंगाए गए संसाधन : परब

**मुंबई।** राज्य में एसटी बसों में यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए परिवहन महामंडल ने सभी एसटी डिपो, एसटी बसों और महामंडल के कार्यालयों की स्वच्छता के लिए ब्रिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 446.99 करोड़ रुपए का तीन साल के लिए काम दिया गया है। इसके लिए सरकार द्वारा निविदा निकाली गई थी। जिसके लिए कई कंपनियोंने निविदा भरी थी, लेकिन अक्टूबर 2019 में महामंडल के मुंबई विभाग ने बसों, एसटी डिपो की स्वच्छता का काम बंद कर दिया। जिसके बाद इस काम को महामंडल के कर्मचारी या बाहर से मजदूरों द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को विधानपरिषद में अपने लिखित जवाब में परिवहन मंत्री अनिल परब ने उक्त जानकारी दी। मंत्री परब ने कहा कि महामंडल की तरफ से बसों और डिपो की साफ-सफाई के लिए ब्रिक्स इंडिया कंपनी को दिया गया था, जिसे कंपनी ने बंद कर दिया है। वहीं महामंडल के मुख्य कार्यालय मुंबई सेंट्रल में बसों के धुलाई के लिए आगरा से यंत्रणा और सामग्री लाई गई है। जिसके माध्यम से बसों की स्वच्छता की जाती है। एसटी बसों और डिपो में स्वच्छता को लेकर विधायक भाई गिरकर, विरोधी पक्ष नेता प्रवीण दरेकर, विधायक आरएन सिंह, पूर्व मंत्री महादेव जानकर, राकांपा सदस्य किरण पावसकर, हेमंत टकले आदि सदस्यों ने यह सवाल उठाया था।

### माल्या-चावला को जेल में न मिलें विशेष सुविधाएं,याचिका दायर

**मुंबई।** भारतीय बैंकों के करोड़ रुपए लेकर फरार शराब कारोबारी व आरोपी विजय माल्या व क्रिकेट मैच फिक्सिंग मामले में आरोपी संजीव चावला को जेल में विशेष सुविधाएं देने के विरोध में बांबे हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। यह याचिका सिटीजन एक्सन ग्रुप नामक संस्था की ओर से दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि जेल अधिकारियों की ओर से यूके में माल्या व चावला के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई के दौरान इन दोनों आरोपियों को यहां लाने के लिए जेल में विशेष सुविधाएं प्रदान करने की पेशकश की गई हैं, जिसके तहत इन आरोपियों को अलग से बड़ी बैरक प्रदान करने, इस बैरक में तीन पंखे लगाने, निजी चीजों को रखने के लिए व्यवस्था बनाने, खान-पान की बेहतर सुविधा देने, बैरक में टेलिविजन सेट और रोजाना वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपने वकील से बात करने जैसी सुविधा शामिल है।

जरुरत पड़ने पर अपनी पसंद के डॉक्टर से इलाज कराने की सुविधाएं देने का आश्वासन दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि राज्य में जेलों की स्थिति को लेकर प्रकाशित होने वाली रिपोर्ट से पता चलता है कि कैदी किस तरह से जेलों में अमानवीय स्थिति में रह रहे हैं। जेलों में पीने के लिए स्वच्छ पानी, शौचालय व दूसरी सुविधाओं का अभाव नजर आता है। ऐसे में पुलिस की जांच व मुकदमे से बचने के लिए फरार व भगौड़े आरोपी माल्या को जेल में विशेष सुविधाएं प्रदान करने का निर्णय भेदभाव पूर्ण है। यह कैदियों के मालिक अधिकारों का हनन है।

याचिका में कहा गया है कि भगौडे आरोपी माल्या को वीआईपी सुविधाएं देना उचित नहीं है। उसके साथ भी वैसा ही बरताव होना चाहिए जैसे एक आम कैदी अथवा आरोपी के साथ होता है। याचिका में मांग की गई है कि आरोपी माल्या व चावला को जेल में सुविधाएं देने से जुड़े रिकॉर्ड को कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया जाए। यह याचिका कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश बीपी धर्माधिकारी व न्यायमूर्ति एनआर बोरकर की खंडपीठ के सामने सुनवाई के लिए आयी। याचिका पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।

# लोकल ट्रेन में बम की अफवाह पनवेल स्टेशन पर अफरा-तफरी

**नई मुंबई।** सीएसएमटी से सुबह ९ बजे पनवेल स्टेशन पहुंचनेवाली लोकल ट्रेन में बम होने की सूचना मिलने पर पनवेल स्टेशन पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई थी। इस मामले की सूचना देकर तत्काल बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन दल, जीआरपी, रेलवे पुलिस डॉग स्क्वॉयड को बुलाया गया। फटाफट स्टेशन परिसर को खाली करा दिया गया। पूरी ट्रेन और स्टेशन परिसर की तलाशी लिए जाने के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। खबर देनेवाले व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंबई सीएसएमटी से पनवेल के लिए रवाना हुई लोकल ट्रेन सुबह ९ बजे के आसपास पनवेल स्टेशन पर पहुंचने के बाद



एक व्यक्ति स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय में जाकर ट्रेन के अंदर बम होने की जानकारी दी। इस तरह की सूचना मिलते ही स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन दल के जवान, रेलवे पुलिस, डॉग स्क्वॉयड, जीआरपी को सूचना दी गई। पुलिस की टीम रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर पहले पूरे स्टेशन परिसर को खाली करा दिया, उसके बाद प्लेटफॉर्म नंबर एक और दो को पूरी तरह बंद कर दिया और पूरी ट्रेन और रेलवे परिसर की तलाशी लिए जाने के बाद यह खबर अफवाह साबित हुई। जीआरपी पुलिस के मुताबिक जिस व्यक्ति ने बम होने की खबर दी थी, उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा घंटों मशक्कत किए जाने के बाद कुछ हासिल नहीं हुआ, इससे तो यही बात निकलकर सामने आ रही है कि जानबूझकर यह अफवाह पैछलाई गई थी। फिलहाल अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर बम की अफवाह क्यों और किसके इशारे पर पैछलाई गई थी? पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## भाऊ का धक्का से मांडवा तक रो-रो सेवा शुरू

**मुंबई।** मुंबई के भाऊ के धक्का से अलीबाग के नजदीक मांडवा तक का सफर मात्र 45 मिनट में पूरा हो जाएगा। आप चाहे तो अपने वाहन के साथ इस सफर को पूरा कर सकते हैं। रविवार को भाऊ का धक्का से मांडवा जेट्टी के बीच रो पैक्स फेरी सेवा की शुरूआत की गई। इस फेरी में एक बार में 500 यात्री और 145 वाहन सफर कर सकते हैं। इस सेवा का उद्घाटन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को करना था, लेकिन उन्होंने शनिवार को कहा था कि कोरोना की स्थिति को ध्यान में रखकर उद्घाटन कार्यक्रम नहीं होगा। उन्होंने कार्यक्रम की औपचारिकता के बिना यात्रियों की सुविधा के लिए इस रो-रो सेवा को तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री ने रविवार को इस सेवा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाऊ का धक्का से मांडवा जेट्टी के बीच रो-रो सेवा महाराष्ट्र के जल यातायात के लिए मील का पत्थर साबित होगी। राज्य के समुद्री किनारों में ऐसे वाटर ट्रांसपोर्ट फायदेमंद साबित होगा, इसे ध्यान में रखकर ऐसी सेवाओं को शुरू करने को प्राथमिकता दी जाएगी। ठाकरे ने कहा कि इस सेवा के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर मांडवा जेट्टी में 150 करोड़ रुपए खर्च कर सुविधाओं का निर्माण किया है। नवी मुंबई के नेरुल, बेलापुर से जल्द ही जल यातायात शुरू करने की तैयारी है। भायंदर से डोंबिवली




के बीच वाटर ट्रांसपोर्ट के प्रारूप को अंतिम मंजूरी देकर दो साल में यह सेवा शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि समग्र जल परिवहन के माध्यम से पर्यटन और रोजगार में वृद्धि होगी। भाऊ का धक्का से मांडवा के बीच समुद्री अंतर 19 किलोमीटर है।

## मुंब्रा में फास्ट हाल्ट! ठाणे-दिवा पांचवें-छठवें मार्ग का निर्माण

**मुंबई।** निमार्णाधीन ठाणे-दिवा पांचवें छठवें रेलवे मार्ग के बन जाने से रेलवे को ५० लोकल ट्रेनों की फेरियां बढ़ाने की क्षमता हासिल हो जाएगी। इस मार्ग पर बननेवाले दूसरे पुल के लिए ६५० टन वजनी गार्डर उपलब्ध हो गया है। अप्रैल के पहले सप्ताह में पुल के निर्माण का काम पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य मुंबई रेलवे विकास महामंडल द्वारा निर्धारित किया गया है। पुल निर्माण के साथ ही वर्षों से धीमी गति से चलनेवाली इस परियोजना का महत्वपूर्ण चरण पूरा हो जाएगा और ज्यादा से ज्यादा सामान्य लोकल के साथ वातानुकूलित लोकल के भी चलाने का रास्ता साफ हो जाएगा। इतना ही नहीं मुंब्रा स्टेशन पर फास्ट लोकल को हाल्ट दिया जाएगा मतलब तेज लोकल मुंब्रा में रुकेगी।

एक अधिकारी के मुताबिक मुंबई नागरी परिवहन प्रकल्प- २ के अंतर्गत इस परियोजना की शुरूआत की गई है। इसके पूर्ण हो जाने के बाद सीएसएमटी से कल्याण के बीच न केवल ५० से ज्यादा लोकल फेरियों के बढ़ाने की क्षमता हासिल हो जाएगी अपितु मुंब्रा में तेज लोकल के रुकने तथा वातानुकूलित लोकल गाड़ियों के भी चलने का रास्ता



साफ हो जाएगा।

**५०२ करोड़ में से ४९७ करोड़ खर्च**

पहले एक पुल का निर्माण कार्य मुंब्रा स्थित खाड़ी के बगल शुरू है। खाड़ी के बगल में होने की वजह से गार्डर पर जंक निरोधी एल्युमिनियम मेटलायजिंग नामक रसायन की चार परत चढ़ाए जाने का काम किया जा रहा है। इस समय गार्डर लगाने का काम चल रहा है। मुंब्रा से दिवा तथा ठाणे से कलवा के बीच रेलवे लाइन बिछाने का काम करीब-करीब पूर्ण हो चुका है। दोनों पुलों के निर्माण का काम पूर्ण हो जाने के बाद ठाणे-दिवा रेल मार्ग के बीच विद्युतीकरण का काम शुरू किया जाएगा। ९ किमी लंबी ठाणे-दिवा

- -लोकल फेरी बढ़ाने की क्षमता
- -एक्सप्रेस गाड़ियों के लिए मिलेगा स्वतंत्र मार्ग
- -भीड़ के समय छूटेगी अतिरिक्त लोकल
- -चल सकेगी वातानुकूलित लोकल

पांचवें-छठवें रेल मार्ग के लिए अपेक्षित खर्च ५०२.३६ करोड़ रुपए है, जिसमें से ४९७ करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। दिसंबर २०२० तक ठाणे-दिवा रेलवे लाइन के काम को पूर्ण कर लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**दूसरे पुल के लिए गार्डर हुए उपलब्ध**

ठाणे-दिवा रेलवे लाइन परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय महामार्ग ४८ (मुंबई-पुणे पुराना महामार्ग) स्थित खरेगांव, रेती बंदर में ६ गार्डर की मदद से दूसरे पुल के निर्माण की योजना है। पुल के लिए ७६.२ मीटर लंबा तथा ६५० टन वजनी दो गार्डर तथा ३० मीटर लंबा तथा ६० टन वजनी चार गार्डर उपलब्ध हो चुके हैं। मुंबई रेलवे क्षेत्र अंतर्गत यह सबसे बड़ा तथा वजनदार गार्डर होने का दावा महामंडल के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस खान द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: दिलशाद एस खान, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मराठा आरक्षण को लेकर जल्द बुलाई जाएगी सर्वदलीय बैठक : सीएम

**मुंबई।** वर्ष 2014 के मराठा समाज के आरक्षण के अनुसार युवाओं को नौकरी में नियुक्ति को लेकर जल्द से जल्द सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी। शनिवार को विधानपरिषद में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मराठा समाज आरक्षण का मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय में है। जब तक इस मामले में न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं आता, तब तक समाज के उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं की जा सकती। विधानपरिषद में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से भाजपा समर्थित विधायक विनायक मेटे ने सदन में मराठा समाज के आरक्षण का मुद्दा उपस्थित किया था, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संदर्भ और न्यायालय में अपना पक्ष मजबूती



से रखने के लिए जल्द से जल्द सर्वदलीय नेताओं की बैठक बुलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आरक्षण की मांग को लेकर बड़ी संख्या में आजाद मैदान में आंदोलन करने वाले समाज के युवाओं से चर्चा की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षण को लेकर तारीख पर तारीख लेने और आरक्षण मिलने में अड़चन पैदा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़क कार्रवाई की जाएगी। सदन के माध्यम से मुख्यमंत्री ठाकरे ने मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आजाद मैदान में आंदोलन पर बैठे समाज के युवाओं से आंदोलन खत्म करने का आह्वान किया। इस दौरान विरोधी पक्ष नेता प्रवीण दरेकर, भाजपा विधायक भाई जगताप, प्रसाद लाड सहित कई अन्य सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लिया।

## अब खादी के कपड़े पहनेंगे मनपा स्कूली बच्चे

**मुंबई।** स्वदेशी प्रचार-प्रसार के लिए मनपा स्कूली बच्चे अब खादी के कपड़े पहनेंगे। मनपा स्कूली बच्चों को खादी के कपड़े पहनने के लिए समाजवादी पार्टी की नगरसेविका रुकसाना सिद्दीकी ने मांग की थी, जिसे मनपा सदन में सभी सदस्यों ने मंजूरी दे दी। उल्लेखनीय है कि मनपा स्कूलों में लगभग 3 लाख से अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं। स्कूली बच्चों में स्वदेशी सामान का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के लिए मनपा को खुद कदम उठाना जरूरी है।

समाजवादी पार्टी की नगरसेविका रुकसाना सिद्दीकी ने बच्चों को खादी के कपड़े देने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि मनपा स्कूली बच्चों को खादी के कपड़े दिए गए तो खादी की विक्री होगी और लोगों में भी खादी को लेकर भी अधिक प्रभाव होगा और उनका झुकाव भी खादी की ओर बढ़ेगा। मनपा स्कूली बच्चों को मनपा की ओर से गणवेश दिए जाते है। मनपा स्कूली बच्चों को गणवेश देने पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को खादी के कपड़े दिए गए तो स्वदेशी को भी फायदा होगा। रुकसाना सिद्दीकी ने मनपा सदन में बच्चो को खादी के कपड़े देने की मांग रखी, जिसे सभी सदस्यों ने मंजूरी दी। मनपा सदन में मंजूरी देने के बाद मनपा आयुक्त खादी के कपड़े देने का निर्णय लेंगे।

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 33 केस, 95 संदिग्ध मरीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र में रविवार को औरंगाबाद शहर की 59 वर्षीय एक महिला और पिंपरी-चिंचवाड़ में एक व्यक्ति में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि होने के बाद संक्रमित लोगों की संख्या 33 पहुंच गई है। यह पूरे देश में सबसे अधिक है। औरंगाबाद के धूत अस्पताल में भर्ती महिला रूस और कजाखस्तान की यात्रा करके लौटी थी जबकि पिंपरी-चिंचवाड़ का व्यक्ति तीन मार्च को जापान और दुबई की यात्रा कर लौटा था।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रविवार को राज्य के विभिन्न



अस्पतालों में कोरोना वायरस के 95 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'महिला कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई है। वह रूस और कजाखस्तान की यात्रा करके लौटी थी। उसे औरंगाबाद में धूत अस्पताल में पृथक रखा गया है।' पिंपरी-चिंचवाड़ के नवीनतम मामले के साथ पुणे में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 16 हो गई है। पुणे के कलेक्टर नवल किशोर राम ने रविवार को कहा ह्यउस व्यक्ति को नायडू अस्पताल में 14 मार्च को भर्ती कराया गया था। राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान पुणे से उसके लार के नमूने की रिपोर्ट आई है जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई है। व्यक्ति का इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर है।' स्वास्थ्य विभाग के बयान के अनुसार उस व्यक्ति ने 23 फरवरी और 3 मार्च के दौरान जापान और दुबई की यात्रा की थी।

## कोरोना वायरसः प्रधानमंत्री मोदी ने उद्धव ठाकरे से की बात

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए राज्य की तैयारियों पर चर्चा करने के वास्ते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से बात की।

सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच सुबह 11 बजे टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान स्थिति से निपटने के लिए राज्य और केन्द्र के प्रयासों पर चर्चा हुई। ठाकरे ने उनकी सरकार द्वारा उठाये गए कदमों के बारे में प्रधानमंत्री को अवगत कराया। महाराष्ट्र में रविवार की सुबह तक कोविड-19 के 33 मामले सामने आये हैं। राज्य में महामारी रोग अधिनियम, 1897 को पहले ही लागू किया जा चुका है। राज्य सरकार ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, थियेटरों, मॉल, पार्कों, स्विमिंग पूल, व्यायामशालाओं आदि को बंद रखने के आदेश दिए हैं।

## कोरोना वायरसः सातारा, शिर्डी में यात्रा का आयोजन करने पर एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** कोरोना वायरस से निपटने के लिए लागू किए गए सामाजिक दूरी बनाए रखने संबंधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए महाराष्ट्र के सातारा और शिर्डी में मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि इन लोगों ने 13 मार्च को एक धार्मिक कार्यक्रम का एक आयोजन किया था जिसमें पांच हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था।

बावधन यात्रा संयोजन समिति ने सातारा के वाई में बावधन यात्रा का आयोजन किया था। ये पांचों इसी समिति के सदस्य हैं। सातारा की पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी सतपुते ने कहा, ह्यकोरोना वायरस के प्रकोप के मद्देनजर कलेक्टर द्वारा इस तरह की सभाओं पर प्रतिबंध लगाए जाने संबंधी एक आदेश के बावजूद उन्होंने यात्रा का आयोजन किया जिसमें राज्य के विभिन्न भागों से 5,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया था।'

पुलिस ने इनकी पहचान राजेंद्र अबाजी भोसले (अध्यक्ष), दीपक दिलीप नानवरे (उपाध्यक्ष), अंकुश जगन्नाथ कुंभार (सचिव), सचिन अप्पासो भोसले (कोषाध्यक्ष) और संभाजी शिवाजी दाभाडे (सदस्य) के रूप में की है। एक अधिकारी ने बताया कि इन लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 188 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 153 के तहत मामला दर्ज किया गया है, लेकिन अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। कोरोना वायरस को रोकने के लिए सामाजिक दूरी बनाए रखने संबंधी नियमों का उल्लंघन कर परिक्रमा आयोजित करने के लिए कुछ लोगों के खिलाफ अहमदनगर जिले के शिर्डी में एक मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बताया, शिर्डी परिक्रमा महोत्सव समिति के आयोजक जितेन्द्र शेलके, अजीत संपतलाल पारख और खांडिबा मंदिर के महोत्सव समिति के सदस्यों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने अनुमति नहीं होने के बाद भी परिक्रमा का आयोजन किया। हमने कोई गिरफ्तारी नहीं की है।



### जेल में बंद कैदिया की होगी जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि जेल में बंद कैदियों की भी कोरोना वायरस की जांच कराई जाएगी। शनिवार को उन्होंने विधानसभा में कहा कि मुंबई के आर्थर रोड जेल में कैदियों की भारी संख्या को देखते हुए उनके सेहत की जांच कराई जाएगी। भीड़ कम करने के लिए आर्थर रोड जेल के कुछ कैदियों को नई मुंबई के तलोजा जेल में ले जाया गया है। आॅर्थर रोड जेल में नया बैरक खाली है, जरूरत पड़ने पर सर्दी, जुकाम जैसे लक्षण दिखने पर कैदियों को यहां रखा जा सकता है।

## उमर खालिद ने दिया था दंगा भड़काने वाला भाषण, मौजूद थे महाराष्ट्र सरकार के दो मंत्रीः फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने जेएनयू छात्र उमर खालिद पर दंगा भड़काने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र के अमरावती में खालिद ने पिछले महीने भड़काऊ भाषण दिए थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली में ट्रंप के दौरे के दौरान दंगे भड़कने चाहिए। फडणवीस ने दावा किया कि खालिद के इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के दो मंत्री भी शामिल थे।

पूर्व सीएम ने आरोप लगाते हुए कहा कि देशभर में सीएए के खिलाफ ज्यादातर प्रदर्शन अराजकता फैलाने के मकसद से किए जा रहे हैं। फडणवीस ने राज्य सरकार से उमर खालिद के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उमर खालिद ने जिस बोर्ड ऑफ प्रोग्राम में हिस्सा लिया था, उसकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें महाराष्ट्र सरकार के दो मंत्री भी दिखाई दे रहे हैं। खालिद ने इस प्रोग्राम में जो कहा, वह दिल्ली में हुआ लेकिन प्रदेश सरकार ने उनके खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लिया। फडणवीस ने हालांकि, दोनों मंत्रियों का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि वह इसका सबूत सीएम उद्धव ठाकरे को देंगे। फडणवीस ने आरोप लगाया कि सीएए के खिलाफ प्रोटेस्ट जानबूझकर देश में अराजकता फैलाने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रोटेस्ट्स की फंडिंग देश के 'पॉप्युलर फ्रंट' कर रहे हैं। चूंकि ये फंड



देश में माहौल बिगाड़ने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं, ऐसे में यह टेरर फंडिंग के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने कहा कि अब कोर्ट इस पर फैसला देगा। फडणवीस ने दावा किया कि ईडी ने इन फंडिंग्स को लेकर सबूत जुटाए हैं। राज्य सरकार वोटों के लिए इस मामले में मूकदर्शक बनी हुई है।

### 'मुस्लिम सीखेगा, तो ही आगे बढ़ेगा'

मुंबई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय सचिव फरहान आजमी का कहना है कि देश का अल्पसंख्यक पढ़ेगा तो ही आगे बढ़ेगा। उसे शैक्षिणक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने पर वे काम करेंगे। सीएए और एनपीआर से होने वाले नुकसान के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जाएगा। आजमी का कहना है कि मुस्लिम समाज में जारूकता पैदा करने का अभियान पूरे देश में शुरू करेंगे।

# कोरोनावायरस: दुबई से टूर करके लौटे एक ग्रुप के कुछ लोग नवी मुंबई के हॉस्पिटल से गायब, पुलिस तलाश में जुटी

## देश में अबतक आए कुल 112 केस में से सबसे अधिक महाराष्ट्र से ही आए हैं



**मुंबई।** दुबई से मुंबई लौटे एक ग्रुप के कुछ लोग नवी मुंबई के एक अस्पताल से अचानक गायब हो गए। इसके बाद उनकी तलाश में पुलिस जुट गई है। शनिवार सुबह एयरपोर्ट पर उतरने के बाद ग्रुप के सभी 11 लोगों को अस्पताल की निगरानी में भेजा गया था। लेकिन कुछ लोगों ने अस्पताल में रिपोर्ट नहीं किया। इससे पहले भी कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां पर लोगों निगरानी से बचते हुए अस्पताल से ही भाग गए। देश में अबतक आए कुल 114 केस में से सबसे अधिक महाराष्ट्र से ही आए हैं। राज्य में कोरोना पीड़ितों की संख्या बढ़कर 38 हो चुकी है। दो ताजा मामले रविवार को औरंगाबाद और पिंपरी से आये हैं। इस बीच मुंबई ग्रुप टूर पर पाबंदी के लिए धारा 144 लगाई गई है।

**राज्य में पूल और सिनेमाघर बंद:** महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना वायरस के मद्देनजर सिनेमा हॉल, जिम, मॉल, सार्वजनिक सभाओं और स्विमिंग पूल को बंद करने का आदेश दिया है। राज्य के कई जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद किए गए हैं।

# पुलिस ने छापा मारकर नकली सैनिटाइजर बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, 3 लोग गिरफ्तार

## इनके पास से इनके पास से करीब एक लाख रुपए का नकली माल बरामद हुआ

**पुणे।** शहर के दत्तवाडी इलाके में पुणे पुलिस ने छापा मारकर नकली सैनिटाइजर बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है, इनके पास से कुल 1 लाख 2 हजार 419 रुपए का नकली माल बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अजय शंकरलाल गांधी, मोहन चौधरी और सुरेश छेड़ा हैं। जांच में सामने आया है कि ये नामी कंपनियों के सैनिटाइजर की खाली



बोतलों में नकली सैनिटाइजर का लिक्विड भर के उन्हें सील कर बाजार में बेचते थे। फूड और ड्रग्स डिपार्टमेंट के मुताबिक, इन्होने पूछताछ में जिन केमिस्ट शॉप के बारे में बताया है उनपर भी पूछताछ और आगे की कार्रवाई होगी। यह कारवाई एफडीए और पुणे पुलिस ने संयुक्त रूप से की है। इससे पहले भी एफडीए ने 4 मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर उन्हें सील किया था। वहां भी नकली सैनिटाइजर बेचे जा रहे थे।

**जारी किया हेल्पलाइन नंबर:** फूड और ड्रग्स डिपार्टमेंट में ऐसे लोगों पर लगाम लगाने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। आप 8975283100 इस नंबर पर वॉटसऐप के जरिए भी जानकारी दे सकते है।

# अपहरण कर पांच लोगों ने डंडे से बुरी तरह से पीटा, युवक आईसीयू में भर्ती, 4 आरोपी गिरफ्तार

**पुणे।** रविवार को पुलिस ने एक मामले में कार्रवाई करते हुए चार लोगो को गिरफ्तार किया है, वहीं 1 अन्य आरोपी फरार है। घटना हड़पसर की है। 12 मार्च को युवक के कुछ लोगों ने जमकर पिटाई कर दी थी। इस दौरान युवक बुरी तरह घायल हो गया था। इसके बाद उसे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। मामले में पीड़ित की मां ने पुलिस में शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों के खिलाफ अपहरण और जान से मारने की कोशिश का केस दर्ज किया है। हड़पसर पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले में विनीत सूर्यकांत बिरादर (19), शुभम राजाभाऊ जाधव (19), देवीदास ऊर्फ देवा घनश्याम पाहणे (21), भारत विशाल राठोड़ (21) को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया है कि मार खाने वाला युवक 12 मार्च को शिवाजी महाराज की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी मां ने पुलिस स्टेशन में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई। आधी रात को पुलिस को पता चला कि एक युवक मंजरी रेलवे स्टेशन के पास पटरियों के ठीक बगल में बेसुध हाल में पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने उसे ससून हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां आज भी वह आईसीयू में एडमिट है। इस घटना का एक वीडियो भी समाने आया। इसमें कुछ लोग युवक को डंडे से पीटते हुए नजर आ रहे हैं।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### कोरोना वायरस पर स्वास्थ्य मंत्रालय की हिदायत

कोरोना वायरस पर काबू पाने की दिशा में कदम उठाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत टंडन, सामाजिक कार्यकर्ता कुंनाजना सिंह ने ये याचिका दायर की है। वकील आशिमा मंडल और फुजैल अहमद अय्युबी के जरिये दाखिल याचिका में मांग की गई है कि कोरोना से निपटने के लिए सुविधाओं को बढ़ाया जाए। याचिका में कोरोना वायरस संक्रमण की जांच के लिए सेंटर, क्वारानटाइन सेंटर, अस्थायी अस्पताल, अस्पतालों में बेड और सार्वजनिक स्थलों पर थर्मल स्क्रीनिंग करने की मांग की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के लव अग्रवाल ने बताया कि देश के सारे स्कूल, स्विमिंग पूल, मॉल आदि 31 मार्च तक बंद रहेंगे। कर्मचारियों को घर से काम करने की छूट है, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल कम करना होगा। ईरान से 53 भारतीयों का चौथा जत्था आज स्वदेश लौटा है। सभी को प्रोटोकॉल के अनुसार जैसलमेर में विशेष निगरानी में रखा गया। कोरोना के खतरे को लेकर पीएम ने रविवार को सार्क देशों के नेताओं से बात की, प्रस्तावों पर अमल जल्द ही शुरू किया जाएगा। कोरोना को लेकर विदेश मंत्रालय ने कॉल सेंटर शुरू किया है, इसके जरिए सभी भारतीयों की मदद की जाएगी। कॉल सेंटर 24 घंटे काम करेगा। चंडीगढ़ में करोना वायरस से बचाव को लेकर नये आदेश जारी किए गए हैं। कोरोना वायरस के कारण शहर में 100 से ज्यादा लोगों की कहीं भीड़ एकत्रित नहीं होगी। शहर में सभी मॉल, जिम, कोचिंग सेंटर्स व नाइट क्लब 31 मार्च तक बंद कर दिए गए हैं। मास्क और सैनिटाइजर का रेट एक ही रहेगा नहीं तो एशेंशियल कमोडिटी एक्ट के तहत अपराध माना जाएगा। जनगणना भी अप्रैल से शुरू होनी थी, लेकिन करोना वायरस के चलते उसको अभी आगे बढ़ा दिया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कोरोना वायरस को लेकर हालात का जायजा लेने के लिए बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये हुई इस बैठक में सभी जिला अधिकारी शामिल हुए। महाराष्ट्र में लोगों को तीन वर्गों ए, बी और सी वर्ग में विभाजित किया गया है। कोरोना से पीड़ित लोगों के अमेरिका, ब्रिटेन और दुबई से आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग को पंचायत चुनाव स्थगित करने का निर्देश दिया है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अभी तक स्कूल परीक्षाएं ही स्थगित थी लेकिन अब कॉलेज में एग्जाम रद्द कर दिए गए हैं। यह व्यवस्था अभी तक शहरों में लागू थी लेकिन अब पूरे महाराष्ट्र में यह इसे लागू किया गया है। मंत्रालयों में आगतुंकों के आने से मना कर दिया गया है ताकि भीड़ न जुटे। अभी महाराष्ट्र में कोरोना के 38 केस आए हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि कोरोना वायरस के मामले में धारा 144 लगाना गलत है। ये लॉ एंड आर्डर का मामला नहीं है। इसमें लोगों का जागरूक करने की जरूरत है। बिहार के 6 जिलों में लागू धारा 144 को हटा दिया गया है। इटली से चेन्नई पहुंचने वाले आंध्र और तेलंगाना के 14 लोगों को ऐहतियातन क्वारनटाइन में भेजा गया है। ये 14 लोग दुबई के रास्ते इटली से आज चेन्नई पहुंचे थे। ऐतियातन कदम उठाते हुए इन्हें क्वारनटाइन में भेज दिया गया है। कोराना वायरस संकट को देखते हुए झारखंड में 17 मार्च से अप्रैल 14 तक सभी स्कूल, कॉलेज, सिनेमा हॉल, मॉल और पार्क बंद रहेंगे। आला अफसरों के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह फैसला किया। सभी सार्वजनिक स्थानों को भी बंद रखने का ऐलान किया गया है। मुख्यमंतरी ने सभी निजी संस्थानों को कर्मचारियों के वेतन में कटौती नहीं करने का भी निर्देश दिया है। कोरोना के खिलाफ सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### सिद्धिविनायक मंदिर में श्रद्धालुओं की एंट्री बंद

मुंबई का यह मंदिर अच्छी-खासी भीड़-भाड़ वाले इलाके में आता है, ऐसे में कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। महाराष्ट्र में कोरोना के कुल 38 मामले सामने आने से राज्यभर में हड़कंप मचा हुआ है। सभी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है। अब राज्य सरकार प्रयास कर रही है कि यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं भी टाल दी जाएं। इसके अलावा पंचायत और निकाय चुनावों को भी तीन महीने के लिए टाल दिया गया है। महाराष्ट्र में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले अब तक पुणे में आए। धीरे-धीरे मुंबई में भी कोरोना पॉजिटिव पाए जाने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ती दिख रही है, जिससे सरकार और प्रशासन चिंतित है। मुंबई पुलिस ने पहले ही धारा 144 लागू करते हुए ग्रुप टूर करने पर पाबंदी लगा दी है। यहां तक कि फिल्म इंडस्ट्री ने भी शूटिंग बंद करने का फैसला किया है। महाराष्ट्र में अब तक पुणे में 16, मुंबई में 8, नागपुर में 4, रायगढ़, नवी मुंबई और यवतमाल में 3, कल्याण, औरंगाबाद, अहमदनगर, ठाणे में 1 मरीज पाया गया है। उधर, मुंबई पुलिस ने अबरार मुश्ताक नाम के एक शख्स को गिरफ्तार किया है।










# बिजनेस लॉकडाउन

## कोरोनावायरस का संक्रमण और बढ़ने से सेंसेक्स में इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट



संवाददाता

**कोरोनावायरस** के बढ़ने और यूएस फेडरल के ब्याज दरों में कटौती के बाद सेंसेक्स में तेज गिरावट आई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 2713.41 अंक गिरकर 31,390.07 पर बंद हुआ। सेंसेक्स 7.96% गिरा। इसी तरह निफ्टी 756.10 अंक गिरकर 9,199.10 पॉइंट पर बंद हुआ। बाजार में सोमवार को फाइनेंस सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा। एचडीएफसी, इंड्सइंड, एक्सिस, आईसीआईसीआई, एसबीआई समेत सभी प्रमुख बैंकों के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। बीएसई 30 में शामिल कंपनियों के शेयर गिरावट में रहे।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 31,390 पर | 9,199 पर |
| गिरावट | 2713 अंकों की | 756 अंकों की |
| प्रतिशत में | 7.96% | 7.6% |

## बीएसई 2713 अंक और निफ्टी 756 अंक गिरा

### यूरोपीय और एशियाई बाजारों में गिरावट का माहौल

भारत के साथ एशिया के दूसरे बाजारों और यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट देखने को मिल रही है। ब्रिटेन का एफटीएसई 100 में 5.87% की गिरावट आई। एफटीएसई 315 अंक नीचे गिरकर 5,051. अंकों पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह फ्रांस का सीएसी 8.78%, जर्मनी का डीएएक्स 7.66%, इटली का एफटीएसई एमआईबी 8.47% और रूस का एमआईसीईएक्स 3.46% नीचे है। चीन का शंघाई कंपोजिट 3.46%, हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग 4.03% और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 3.19% नीचे बंद हुआ।

### बाजार खुलते ही सेंसेक्स 1586 अंक नीचे गिरा

इससे पहले शुक्रवार की तेजी के बाद सोमवार को सेंसेक्स खुलते ही 1586.54 अंकों की गिरावट के साथ 32,516.94 पॉइंट पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 436.75 अंक गिरकर 9,587.80 अंकों पर पहुंच गया। शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी उतार-चढ़ाव का माहौल रहा था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स बाजार खुलते ही 2,534 अंक तक गिर गया था। ओपनिंग के 12 मिनट बाद ही लोअर सर्किट लगने के कारण ट्रेडिंग रोकनी पड़ी थी। दोबारा ट्रेडिंग शुरू होते ही सेंसेक्स 3600 अंक तक गिरा। बाद में यूएस फ्यूचर्स और सेबी के आश्वासन के बाद रिकवरी शुरू हुई। इतनी बड़ी गिरावट के बाद सेंसेक्स में 1700 अंकों तक की तेजी देखने मिली थी। यह सेंसेक्स के इतिहास की सबसे बड़ी इंट्राडे रिकवरी है।

### बाजार में आई गिरावट के 5 प्रमुख कारण

**यूएस फेडरल ने ब्याज दरों में कटौती कर इसे शून्य के करीब ला दिया है। कोरोनावायरस फैलने के कारण बिजनेस और ट्रैवल ठप पड़ता जा रहा है। इससे लड़ने के लिए फेडरल बैंक ने यह कदम उठाया। इसके बाद बॉन्ड बाजार की तरफ निवेशकों का रुझान बढ़ा। डॉलर के मुकाबले रुपए में भी गिरावट आई।**

- **यूएस फेड के ब्याज दरों में कटौती के बाद यूएस स्टॉक फ्यूचर्स में 5% की गिरावट आई। डाउ फ्यूचर्स 4.5% नीचे 1,041 अंकों पर पहुंच गया। एसएंडपी 500 फ्यूचर्स 4.8% और नैस्डैक फ्यूचर्स 4.5% नीचे है। इस गिरावट का असर देश के बाजारों पर भी देखने को मिला।**
- **देश में कोरोनावायरस का संक्रमण बढ़ने की खबरों से निवेशकों में घबराहट बढ़ गई है। महाराष्ट्र और केरल में कोरोनावायरस के मामलों की संख्या बढ़ी है। इटली और ईरान से भी 450 भारतीयों को वापस लाया गया है। चीन के बाद ये दोनों देश कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।**
- **वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा है कि दुनियाभर में कोरोना का संकट और गहराने से भारतीय कंपनियों के सामने क्रेडिट का दबाव बढ़ गया है। एजेंसी ने कहा है कि एयरलाइंस, होटल, मॉल्स, मल्टीप्लेक्स और रेस्टोरेंट इंडस्ट्री पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा।**
- **विदेशी संस्थागत निवेशकों के घरेलू बाजारों से पैसा निकालने के कारण भी बाजार के ऊपर दबाव है। मार्च में अब तक निवेशक 35,000 करोड़ रुपए निकाल चुके हैं। कोरोनावायरस फैलने के कारण निवेशक घबराए हुए हैं।**

## कर्नाटक के रास्ते पर मध्य प्रदेश

### 31 मार्च तक खिंच सकती है फ्लोर टेस्ट की तारीख, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ही स्पीकर का फैसला संभव



**मध्य प्रदेश** में कमलनाथ सरकार का फ्लोर टेस्ट कानूनी दांव-पेंच में उलझता जा रहा है। राज्यपाल लालजी टंडन मुख्यमंत्री कार्यालय को बार-बार निर्देश दे रहे हैं कि सरकार फ्लोर टेस्ट की प्रक्रिया को संपन्न कराए, लेकिन कमलनाथ सरकार इसे टालना चाहती है। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने बजट सत्र शुरू होते ही कोरोनावायरस की आड़ लेकर सदन की कार्यवाही 26 मार्च तक स्थगित कर दी। स्पीकर प्रजापति ने कहा कि जब तक बेंगलुरु गए 16 विधायक वापस नहीं आएंगे, तब तक बहुमत परीक्षण कैसे होगा। मध्य प्रदेश में जारी सियासी घटनाक्रम ने पिछले साल जुलाई में कर्नाटक विधानसभा में करीब एक महीने तक चले नाटक की याद ताजा करा दी है। इसकी शुरूआती झलक भी दिखनी शुरू हो गई है। जानकारों की मानें तो मध्य प्रदेश में भी फ्लोर टेस्ट की प्रक्रिया कर्नाटक जितनी ही लंबी खिच सकती है। कर्नाटक में फ्लोर टेस्ट से पहले चार दिन तक विधानसभा में चर्चा हुई थी। मध्य प्रदेश में भी कमलनाथ सरकार फ्लोर टेस्ट से पहले बजट पेश करना चाह रही है। ऐसे में यदि 27 मार्च को विधानसभा की कार्यवाही शुरू भी होती है तो सरकार सबसे पहले बजट पेश करेगी, फिर उस पर तीन से चार दिन तक चर्चा कर सकती है।

## निर्भया केस: दुष्कर्मी पवन, अक्षय और विनय फांसी पर रोक के लिए अंतरराष्ट्रीय अदालत गए

### 20 मार्च को होना है सजा-ए-मौत पर अमल

**निर्भया** केस में सोमवार को नया मोड़ आ गया। दुष्कर्मी पवन, अक्षय और विनय फांसी पर रोक के लिए इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) पहुंचे हैं। इन दोषियों को 20 मार्च की सुबह साढ़े पांच बजे तिहाड़ में फांसी दी जानी है। निर्भया केस के चारों दुष्कर्मियों के कानूनी विकल्प खत्म हो गए हैं। अक्षय, पवन और विनय के वकील एपी सिंह ने याचिका में ओपन कोर्ट में सुनवाई की मांग की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कोर्ट से मांग की की कि इस केस के सभी रिकॉर्ड अपने पास मंगवाएं। सुप्रीम कोर्ट 23 मार्च को गृह मंत्रालय की उस अपील पर सुनवाई करेगा जिसमें निर्भया के दोषियों को अलग-अलग फांसी देने की अपील की गई थी। गुरुवार को केंद्र की तरफ से




पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा- दोषियों ने सिस्टम का मजाक बना दिया है। इस मामले पर 15 फरवरी को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दोषियों को अलग-अलग फांसी देने संबंधी केंद्र की याचिका लंबित रहने का ट्रायल कोर्ट द्वारा फांसी के लिए नया डेथ वॉरंट जारी करने पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जस्टिस आर भानुमति, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एएस बोपन्ना की बेंच ने कहा था, हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि इस तरह की याचिकाएं लंबित रहने को ट्रायल कोर्ट के फैसले में बाधा नहीं माना जा सकता। अदालत अपने विवेक से इस पर फैसला ले सकती है।

**16 दिसंबर 2012: 6 दोषियों ने निर्भया से दरिंदगी की थी -** दिल्ली में पैरामेडिकल छात्रा से 16 दिसंबर, 2012 की रात 6 लोगों ने चलती बस में दरिंदगी की थी। गंभीर जख्मों के कारण 26 दिसंबर को सिंगापुर में इलाज के दौरान निर्भया की मौत हो गई थी। घटना के 9 महीने बाद यानी सितंबर 2013 में निचली अदालत ने 5 दोषियों राम सिंह, पवन, अक्षय, विनय और मुकेश को फांसी की सजा सुनाई थी। मार्च 2014 में हाईकोर्ट और मई 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा बरकरार रखी थी। ट्रायल के दौरान मुख्य दोषी राम सिंह ने तिहाड़ जेल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। एक अन्य दोषी नाबालिग होने की वजह से 3 साल में सुधार गृह से छूट चुका है।

## कोरोनावायरस: सामना में शिवसेना ने पूछा- क्या पुणे में भी वुहान जैसी नाकेबंदी होनी चाहिए

### धारा 144 लगाने की सोच रहा है प्रशासन

संवाददाता

**शिवसेना** के मुखपत्र सामना के सोमवार के संपादकीय में कोरोना को लेकर केंद्र सरकार की तैयारियों पर सवालिया निशान लगाया गया है। शिवसेना ने सामना में लिखा है- इस महामारी के आगे देश-विदेश के सबसे ताकतवर नेता असहाय हो गए हैं। महासत्ता के नाम से घूमनेवालों की मस्ती एक विषाणु ने उतार दी है। महाराष्ट्र के पुणे में अब तक 16 मामले सामने आ चुके हैं। इस पर संपादकीय में लिखा गया- 'चीन के वुहान प्रांत की तरह पुणे की भी संपूर्ण नाकाबंदी की जाए क्या? इस पर निर्णय लेना आवश्यक है। इस समय हिंदुस्तान में कोरोनावायरस दूसरे चरण का है। इसमें केवल कोरोनाग्रस्त देश से आए हुए व्यक्ति और उनके संपर्क में आए हुए मरीजों का समावेश



है। कोरोना के संक्रमण को इसी चरण में रोकना जरूरी है। इसके आगे 30 दिन कोरोना को रोक कर रखना महत्वपूर्ण है। एक बार कोरोना संक्रमित रोगों की तरह फैलने लगा तो स्थिति हाथ से बाहर निकल जाएगी। इसलिए शासन को सख्त से सख्त उपाय करने की आवश्यकता है। कोरोनावायरस को फैलने से रोकने के लिए पुणे में जिला प्रशासन सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने पर विचार कर रहा है। पुणे के मंडलायुक्त दीपक म्हाईसेकर ने कहा कि प्रशासन ने कोरोनावायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसके प्रसार को नियंत्रित करने के लिए अपनी रणनीति बदलने का फैसला किया है। सीआरपीसी की धारा 144 के तहत किसी भी राज्य या क्षेत्र के कार्यकारी मजिस्ट्रेट एक क्षेत्र में चार या अधिक लोगों के एकत्र होने को प्रतिबंधित करने का आदेश जारी कर सकते हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि पुणे में कम से कम चार मामलों में संक्रमण का कारण प्रथम संपर्क है। उनमें से किसी ने विदेश यात्रा नहीं की थी।

**नाना पाटेकर की फिल्म का डायलॉग दोहराया:** संपादकीय में लिखा- नाना पाटेकर का एक डायलॉग इस समय सबको याद आ रहा होगा, एक मच्छर आदमी को ... बना देता है! संपादकीय में आगे लिखा गया है कोरोना वायरस मतलब मच्छर नहीं लेकिन इस वायरस ने सभी को असहाय और निराश कर दिया है। ट्रंप से लेकर मोदी तक सभी बेचैन और अस्थिर हो गए हैं। यह अस्थिरता संसार को कहां ले जाएगी? सामना में आगे लिखा है, यह संकट महामारी है। कोरोना का मुकाबला करने के लिए महामारी कानून का उपयोग करना पड़ रहा है। यह कानून अंग्रेजों का था। प्लेग से मुकाबला करने के लिए इसी कानून का उपयोग हुआ था।' महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा कोरोना वायरस से संक्रमित लोग हैं। हालांकि, किसी भी मरीज की हालत गंभीर नहीं बताई जा रही है लेकिन अखबार के संपादकीय में लिखा है कि कोरोना से भागने के लिए जमीन कम पड़ रही है।

## राज्यसभा चुनाव: गुजरात के 37 कांग्रेस विधायक राजस्थान में, इनमें से 4 ढाई घंटे रिजॉर्ट से बाहर रहे, अहमदाबाद से 21 और विधायक जयपुर पहुंचे

**गुजरात** में राज्यसभा की 4 सीटों पर होने वाले चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग के डर से कांग्रेस ने अपने 58 विधायकों को जयपुर के शिव विलास रिजॉर्ट में शिफ्ट कर दिया है। सोमवार सुबह तक सभी विधायक यहां थे। 4 विधायक बलदेव ठाकोर, सीजे चावड़ा, विमल चुडासमा और हिम्मत पटेल दोपहर 12.10 बजे रिजॉर्ट से बाहर निकले। इसके बाद तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। दोपहर 2.50 बजे सभी विधायक वापस लौट आए। वे राजस्थान पुलिस के बंदोबस्त में जयपुर शहर की तरफ घूमने निकले थे। गुजरात से पार्टी के 14 विधायक शनिवार को 23 विधायक रविवार को और 21 विधायक सोमवार को जयपुर आए। गुजरात के 21 विधायक सोमवार को जयपुर पहुंचे। इन्हें एयरपोर्ट से होटल शिव विलास ले जाया गया। इनमें विधायक विक्रम माडम, भिखा भाई जोशी, इमरान खेड़ा वाला, ज्ञासुद्दीन शेख, कांति खराड़ी, बृजेश मिर्जा, महेश पटेल, मोहम्मद पीरजादा, अश्विन कोटवाल, सुखराम राठवा, रघु देसाई, अनिल जोशियारा, निरंजन पटेल, गुलाब सिंह राजपूत, मोहन राठौवा, विरजि ठुमर, पूजा वंश, भरत जी ठाकुर, पीडी बसावा, ललित कगथरा, प्रताप दुधात शामिल हैं। अब तक जयपुर में गुजरात के 58 कांग्रेस विधायक आ चुके हैं। गुजरात कांग्रेस के 5 विधायक प्रवीण मारू, मंगल गावित, सोमाभाई पटेल, जेवी काकड़िया और प्रद्युम्न जडेजा ने इस्तीफा दिया था। इनके इस्तीफे विधानसभा स्पीकर राजेंद्र त्रिवेदी ने सोमवार को मंजूर कर लिए। इसके बाद कांग्रेस ने इन नेताओं को पार्टी से निलंबित कर दिया। इन विधायकों के अलावा कनुभाई बारैया, चिराग कालरिया, हर्षद रिबड़िया, अक्षय पटेल और जीतू चौधरी कांग्रेस के संपर्क में नहीं है। हालांकि, जब इन विधायकों से भास्कर ने बात की तो सभी ने भाजपा में जाने की अटकलों को गलत बताया।

### रविवार रात आए 23 विधायक

गुजरात से रविवार रात यहां कांग्रेस के 23 में से 19 विधायक पहुंचे थे। इनमें धोराजी विधायक ललित वसोया, पाटन से किरीट पटेल, सोमनाथ से विमल चुडासमा, मंगरोल से बाबू वाजा, गांधीनगर उत्तर से सीजे चावड़ा, मोदासा से राजेंद्र ठाकोर, देवदार से शिवा भूरिया, जसु पटेल, दासादा से नौसाद सोलंकी, कलावाड़ से प्रवीण मुछडीया, तलाजा से कनु बारैया, आनंद से कांति परमार, कपाड़वंज से कालू डाभी, झालोद से भावेश कटारा, दाहोद से वजे सिंह पाणेद्रा, गरबादा से चंद्रिका बारैया, पदरा से जसपाल ठाकोर, करजान से अक्षय पटेल, संदेश सोलंकी शामिल हैं।


दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कोरोनावाली दुल्हन! बंगलुरु टू आगरा वाया दिल्ली

**दिल्ली।** एक कोरोनावाली दुल्हन ने बंगलुरु से लेकर दिल्ली और आगरा तक हड़कंप मचा दिया। हाल ही में यह दंपति इटली से हनीमून मनाकर लौटा और बंगलुरु में जब पति की जांच हुई तो वह कोरोना पॉजीटिव मिला। इसके बाद पति और पत्नी को भी अलग-थलग वॉर्ड में शिफ्ट कर दिया गया। दोनों साथ में थे और कोरोना के लक्षण १४ दिन बाद भी दिखते हैं इसलिए पत्नी को भी अलग वॉर्ड में रखा गया पर वह अस्पताल कर्मचारियों को चकमा देकर भाग निकली।

कोरोनावाली यह खतरनाक दुल्हन बंगलुरु से दिल्ली आई और फिर वहां से अपने मायके आगरा पहुंची। जब इस मामले का खुलासा हुआ तो स्वास्थ्य विभाग के होश उड़ गए। एक ओर जहां कोरोना वायरस को लेकर लोग अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं, वहीं आगरा के इस केस ने सबके होश उड़ा दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार जब पति कोरोना वायरस के लिए पॉजिटिव पाया गया तो महिला को भी आइसोलेट किया गया, लेकिन अपनी और हजारों लोगों की सुरक्षा को खतरे में डालते हुए न सिर्फ वह आइसोलेशन से बाहर निकली बल्कि पहले फ्लाइट से दिल्ली और फिर ट्रेन से आगरा अपने मायके जा पहुंची। अब इस महिला के ट्रैवल रूट को ट्रेस किया जा रहा है। वैसे इस महिला को भी कोरोना वायरस की पुष्टि ८ तारीख को ही जांच में हो चुकी है।

मिली जानकारी के अनुसार जब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आगरा स्थित उसके घर पहुंचे तो पाया कि वह ८ सदस्यों के साथ रह रही है। इन सभी को आइसोलेट करने की बात की गई तो उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद जिला मैजिस्ट्रेट और पुलिस बुलानी पड़ी, तब जाकर यह परिवार क्वॉरंटाइन (अलग-थलग) किया जा सका।



-न जाने कितनों में फैलाया इन्फेक्शन
-इटली से हनीमून मनाकर लौटा था दंपति
-पति को हुआ कोरोना का इन्फेक्शन
-पता चलते ही अस्पताल से भागी दुल्हन
-पुलिस ने पकड़ डाला आइसोलेशन वॉर्ड में

## न जाने कितनों को वायरस दे गई दुल्हन! अब पड़ी है ताजनगरी के आइसोलेशन वॉर्ड में

यूरोप से हनीमून मनाकर लौटी एक दुल्हन ने मुंबई, बंगलुरु, दिल्ली और आगरा में न जाने कितने लोगों को कोरोना वायरस फैला दिया है। इसके बाद वह मजे से आगरा में अपने मायके के घर में रह रही थी। अब पुलिस ने उसे पकड़कर अस्पताल के आइसोलेशन वॉर्ड में डाल दिया है।

आगरा के सीएमओ मुकेश कुमार वत्स ने बताया कि मेडिकल टीम जब महिला के घर पहुंची तो उसके पिता ने साफ झूठ बोल दिया कि महिला बंगलुरु जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मैजिस्ट्रेट के दखल के बाद महिला के घर जाया गया और सभी परिजनों को अस्पताल स्क्रीनिंग के लिए ले जाया गया। महिला को अब एसएन मेडिकल कॉलेज के आइसोलेशन वॉर्ड में रखा गया है। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि फरवरी में महिला की शादी हुई थी। वे इटली में हनीमून के लिए गए और वहां से ग्रीस और फ्रांस गए। २७ फरवरी को वे मुंबई आए और वहां से बंगलुरु। ७ मार्च को उसके पति का कोरोना वायरस का टेस्ट पॉजिटिव निकला, जिसके बाद दोनों को आइसोलेट कर दिया गया। महिला ने यह बात अपने घरवालों को बताई तो उसके पिता ने उसे आगरा बुला लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला ८ मार्च को बंगलुरु से नई दिल्ली फ्लाइट से और फिर दिल्ली से आगरा ट्रेन से पहुंची। अब उसके ट्रैवल डीटेल्स खंगाले जा रहे हैं। शक है कि उससे रास्ते में मिले यात्रियों को भी इन्फेक्शन हुआ होगा। अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज ने महिला को वायरस की संदिग्ध मरीज बताया था, जिसके बाद स्वास्थ्य अधिकारी हरकत में आए। आगरा के इन मामलों से भारत के उन शहरों को विशेष सावधान रहने की जरूरत है जो अब तक विशेष रूप से पर्यटन का केंद्र रहे हैं, क्योंकि सबसे ज्यादा मरीज इन्हीं पर्यटन केंद्र जैसे आगरा, दिल्ली और केरल आदि से आ रहे हैं। जयपुर में भी पर्यटक खूब आते हैं इसलिए जयपुर को भी इससे सबक लेने की जरूरत है।

# 'बाबा' ने अखिलेश यादव को बताया 2022 का भविष्य! 351 सीटों का किया दावा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (एसपी) के मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि सभी समाजवादियों ने कहा है कि 2022 यानी यूपी विधानसभा चुनाव में हम 351 सीटें जीतेंगे। अखिलेश ने कहा कि 351 इसलिए क्योंकि मैं एक फ्लाइट में जा रहा था तभी एक व्यक्ति मिले। उन्होंने मेरा हाथ देखा और कहा कि इसबार आपकी सरकार बनेगी, मेहनत करना, 350 सीटें आएंगी।

अखिलेश यादव ने यह भी कहा, 'मैंने तय किया है कि हम 350 से एक सीट ज्यादा यानी 351 सीटें जीतेंगे।' एसपी प्रमुख अखिलेश ने कहा कि अगर बीजेपी झूठ फैलाकर 300 से ज्यादा सीटें जीत सकती है तो ईमानदारी से मेहनत करके हम 351 सीटें जीत सकते हैं। हम इसे जरूर हासिल करेंगे। 2022 में साइकल चलेगी।'



पिछले दिनों योगी आदित्यनाथ ने कथित रूप से एसपी कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुंदेलखंड के कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न किए जाने पर नाराजगी जताई थी। इस संबंध में पूछे गए सवाल पर अखिलेश ने कहा, 'हमने अपनी पार्टी के लोगों से कहा कि बीजेपी के किसी कार्यक्रम को डिस्टर्ब ना करें लेकिन मैं बीजेपी से कहना चाहता हूं कि मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में और घर के आस-पास इंटेलिजेंस के लोगों को भेजना छोड़ दें।

# फ्लोर टेस्ट कैंसल, सुप्रीम कोर्ट पहुंचे शिवराज सिंह चौहान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की सियासी लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। फ्लोर टेस्ट कैंसल होने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने याचिका दायर की है। याचिका में उन्होंने कहा है कि 48 घंटे के अंदर फ्लोर टेस्ट करवाया जाए।

शिवराज सिंह चौहान की यह याचिका मध्य प्रदेश विधानसभा के स्पीकर एनपी प्रजापति के खिलाफ है। उन्होंने कोरोना वायरस को वजह बताते हुए विधानसभा को 26 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया है।

# कोरोना वायरस की झूठी खबर फैलाने वाला स्वास्थ्य कर्मी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के दौसा जिले के महुआ थाना क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण की झूठी खबर फैलाने वाले स्वास्थ्य कर्मी को गिरफ्तार कर उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं।पुलिस ने सोमवार को बताया कि वरिष्ठ उपचार सुपरवाइजर संविदाकर्मी अनिल टांक की सेवाएं राज्य में कोविड–19 के संक्रमण के मामलों की जांच के नतीजे पॉजिटिव होने और पृथक वार्ड में मरीजों के उपचार को लेकर झूठी खबर फैलाने पर समाप्त कर दी गई।दौसा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा ने बताया कि सोशल मीडिया पर झूठी अफवाह फैलाने वाले कर्मचारी की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।उसके इस कृत्य के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।महुआ के सर्किल अधिकारी और उपाधीक्षक शंकर लाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# लुक्सर जेल में रोज बनेंगे 1000 मास्क

**ग्रेटर नोएडा।** मार्केट में मास्क की कमी दूर करने के लिए लुक्सर जेल प्रशासन ने तैयारी की है। बंदी रोजाना यहां 1000 मास्क बनाएंगे। पहले खांसी, जुकाम से पीड़ित बंदियों के यहां के बने हुए मास्क दिए जाएंगे। इसके बाद जो बचेंगे, उन्हें मार्केट में सप्लाई किया जाएगा। जेल के एफएम पर भी लगातार कोरोना वायरस से बचाव के तरीकों की जानकारी दी जा रही है।

जेल आईजी आनंद कुमार के निर्देश पर खांसी जुकाम से पीड़ित बंदियों को शनिवार को मास्क बांटा गया। मास्क की कमी की वजह से रविवार को जेल के अंदर मास्क बनाने का काम शुरू किया गया। जेल प्रशासन ने अपने खर्चे पर बंदियों को मास्क बनाने के लिए कच्चा माल अभी दिया है। इंडिया विजन फाउंडेशन के स्टिचिंग सेंटर में बंदियों की ओर से मास्क बनाने का काम शुरू किया गया है। 1000 मास्क प्रतिदिन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जेल के अंदर सप्लाई देने के बाद इनकी बाहर बिक्री की जाएगी।



जेलर सत्यप्रकाश ने बताया कि बंदियों को कोरोना से बचाव के तरीके बताकर जागरूक किया गया है। सभी बैरकों और अन्य जगहों पर पोस्टर चस्पा किए गए हैं। बाहर से आने वालों को थर्मल इंस्पेक्शन के बाद ही एंट्री दी जा रही है। नए बंदियों को 14 दिनों तक अलग सेल में रखा जा रहा है।

# देखें, इंटरनैशनल लैंडस्केप फोटोग्राफर कॉम्पिटिशन की कुछ चुनिंदा तस्वीरें

धूप की तरह फैली धरती को अपनी आंखों के सामने चमकते देखना किसे अच्छा नहीं लगता है। जब सभी लोग इसे नहीं देख पाते हैं, तो फोटोग्राफर्स उन्हें यह मौका देते हैं। इन्हीं फोटोग्राफर्स के लिए हर साल इंटरनैशनल लैंडस्केप फोटोग्राफर कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। यह तस्वीर साउथ अमेरिका में डच कैरीबियन के बोनायर आईलैंड की हैं। फटॉग्रफर सैंडर ग्रेफ्टे ने इन नमक के पहाड़ों को कैमरे में कैद किया है। यहां देखिए कुछ और बेहतरीन लैंडस्केप की तस्वीरें:

**बैडलैंड्स नेशनल पार्क, अमेरिका**

अमेरिकी राज्य ऊटा में तकरीबन हजार वर्ग किमी में फैला बैडलैंड्स नेशनल पार्क है। इसी बंजर की यह तस्वीर डेविड स्विंडलर ने खींची है।

**कैनेडियन रॉकीज, कनाडा**

इस तस्वीर में आप कनाडा के अल्बर्टा इलाके में स्थित कैनेडियन रॉकीज में बर्फबारी के बाद का बेहद खूबसूरत नजारा देख रहे हैं, जिसे फोटोग्राफर ग्रेग बोरटीन कैमरे में कैद किया है।

**डेनाली नैशनल पार्क, अलास्का**

इस तस्वीर को फोटोग्राफर स्टास बार्टनिकस ने कैमरे में कैद किया है। यह तस्वीर अलास्का के डेनाली नैशनल पार्क की है।

**लेनकॉइस मारनहिसंस, ब्राजील**

यह खूबसूरत तस्वीर ब्राजील में स्थित लेनकॉइस मारनहिसंस में गहरे समुद्र में सफेद और लहरदार रेत के कई टीले मौजूद हैं। फोटोग्राफर इग्नासिओ पलासियोस ने इस तस्वीर को कैमरे में कैद किया है।

**लिंकन रॉक, ऑस्ट्रेलिया**

यह तस्वीर लिंकन रॉक की है, जो ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स प्रांत के ब्लू माउंटेंस में स्थित है। फोटोग्राफर बेंजामिन मेज ने यह तस्वीर खिंची है।



**पिंक सॉल्ट लेक, ऑस्ट्रेलिया**

ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी हिस्से में मौजूद पिंक सॉल्ट लेक दुनिया भर के सैलानियों के बीच काफी फेमस है। इस खूबसूरत लेक की तस्वीर फोटोग्राफर मैट बीट्सन ने ली है।

**रेटेजट नेशनल पार्क, रोमानिया**

झाग साबुन में ही नहीं, बर्फ में भी होता है। ये बर्फ के बुलबुले हैं जो फोटोग्राफर नेजर ओविडियू को रोमानिया के रेटेजट नेशनल पार्क में मिले।

**साउथ ईस्ट अलास्का**

फोटोग्राफर वेइयाओ पन ने यह तस्वीर साउथ ईस्ट अलास्का में ली है। इस तस्वीर में आप आइसबर्ग की खूबसूरती को देख सकते हैं।

**दक्षिणी अमेरिका**

यह तस्वीर अमेरिका के दक्षिणी हिस्से की है। यह तस्वीर फोटोग्राफर थोरस्टे शेहुएरमैन ने कैमरे में कैद की है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
नए अनुबंध की दिशा में सफलता मिलेगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

**वृष**
आर्थिक योजना सार्थक होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या बहन के कारण तनाव मिल सकता है। जबकि उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक योजना सार्थक होगी। मैत्री संबंध मधुर होंगे। दांपत्य जीवन सुखमय होगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रिश्तों में मधुरता आएगी लेकिन शिक्षा या संतान तनाव का कारण रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह**
पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाही खर्च से बचना चाहिए। धन हानि की आशंका है। स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा में जोखिम न उठाएं।

**तुला**
किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। रिश्तों में मधुरता आएगी। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। शाही खर्च से बचें। कोई ऐसी बात हो सकती है जो आपके हित में न हो। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी।

**धनु**
मन अज्ञात भय से ग्रसित रहेगा। छोटी-छोटी बातों में उत्तेजित होंगे। वाणी पर संयम रखें। संतान का सहयोग रहेगा।

**मकर**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आर्थिक मामलों में सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**कुंभ**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

**मीन**
शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

# बंदरों पर कोरोनावायरस का असर, ये वीडियो देख आप भी रह जाएंगे हैरान

कोरोना का कहर पूरी दुनिया में जारी है। अब तक भारत में 100 से अधिक लोग वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। वहीं, पूरी दुनिया में लाखों लोग प्रभावित हुए हैं इससे कई देशों की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है। खासकर, पर्यटन आय पर निर्भर रहने वाले देशों की इकॉनोमी पर बहुत बुरा असर पड़ा है। इस बात की पुष्टि भारतीय वन सेवा के अधिकारी प्रवीण कासवान के शेयर की गई वीडियो से होती है, जिसमें थाईलैंड की सड़क पर दो गुटों के बंदरों के बीच जंग छिड़ी है।

इस वीडियो में देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में एक गुट के बंदर दूसरे गुट के बंदर से लड़ रहे हैं। वीडियो में पता चल रहा है कि यह लड़ाई खाने को लेकर हुई है। बता दें कि कोरोना वायरस के फैलने के डर से लोग बंदर के पास जाने से परहेज कर रहे हैं। ऐसे में थाईलैंड की सड़कों पर रहने वाले बंदरों को कई दिनों से खाना नहीं मिल रहा हैं और बंदर भूखे हैं। जब कभी इन्हें खाना मिलता है तो इनके बीच जंग छिड़ जाती है।

यह जंग बंदर के दो गुटों के बीच होती है। पहला गुट मंदिर पर रहने वाले बंदरों का है। जबकि दूसरा गुट मंदिर के अपोजिट रहने वाले शहर के बंदरों का है। जब इन्हें कुछ भी खाने को मिलता है तो ये एक दूसरे पर टूट पड़ते हैं। इस वीडियो में भी साफ देखा जा रहा है कि एक बंदर के हाथ में केला देखकर उस पर कई सारे बंदर टूट



पड़ते हैं और फिर दोनों गुटों में गैंगवार छिड़ जाती है। इस गैंगवार के समय लोगों में दहशत देखी गई और कुछ पल के लिए सभी एक जगह पर रुक जाते हैं।

इस वीडियो के कैप्शन में प्रवीण कासवान ने लिखा है ' डेली मेल ऑनलाइन के अनुसार सैकड़ों की संख्या में थाईलैंड के स्ट्रीट बन्दर खाना न मिलने के कारण कई दिनों से भूखे हैं और जब कभी इन्हें कोई खाना देता है, तो ये एक दूसरे पर टूट पड़ते हैं। क्या आपने कभी बंदरों के बीच गंगवार देखी है और वो भी कोरोना वायरस के कारण हुई है। अब तक इस वीडियो को 21 हजार से अधिक लोग देख चुके हैं। वहीं, 273 लोगों ने वीडियो को रीट्वीट किया है। जबकि, वीडियो पर 49 लोगों ने कमेंट किये हैं, जिसमें लोगों ने बंदरों की इस लड़ाई पर चिंता जाहिर की है। एक यूजर राजश्री ने लिखा बहुत दुःख की बात है कि चीन ने जिस कोरोना को जन्म दिया वो अब पूरी दुनिया को तबाह कर रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रबरबैंड को सिर पर बांधें, हाथों पर नहीं...

**अक्सर** ऐसा देखने में आता है कि बालों में लगाया जाने वाला रबर कलाइयों पर बंधा होता है। कोई इसे फैशन के तौर पर बांधता है तो कोई सुविधा के लिए। वजह कोई भी हो लेकिन उसका नुकसान एक ही है। इससे न केवल आपकी कलाइयां बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों पर भी प्रभाव पड़ता है। कई बार बालों पर बांधा जाने वाला इलास्टिक बालों पर कम और कलाइयों पर अधिक नजर आता है। क्योंकि यह स्टाइलिश भी लगता है और कई बार दिनभर सिर पर लगाए रखना भी असुविधजनक लगता है। ऐसा करने से पहले सेहत पर पड़ने वाले इसके दुष्परिणामों के बारे में जरूर जान लें।

**जानलेवा इन्फेक्शन :** लगातार हाथ की कलाई पर रबरबैंड बांधने से उस हिस्से में गठान जैसी हो सकती है। और कई बार यह इतनी गंभीर हो जाती है कि डॉक्टर द्वारा एंटीबायोटिक देने के बाद भी वह सूजन या गठान ठीक नहीं होती। इससे उस हिस्से में बैक्टीरियल इन्फेक्शन हो सकता है और जिसमें मवाद भरने के कारण सर्जरी की भी नौबत आ सकती है। क्योंकि रोमछिद्रों द्वारा बैक्टीरियल इन्फेक्शन त्वचा के अंदर पहुंच जाता है और उसे गंभीर घाव में तब्दील कर सकता है। और समय पर इसका इलाज नहीं कराने से सेप्सिस। दरअसल लंबे समय तक हम रबरबैंड का इस्तेमाल करते हैं लेकिन उसकी सफाई नहीं करते हैं और उन्हें कलाई पर बांधे रखते हैं।

**बाल हो जाते हैं कमजोर :** बालों में लगाया जाने वाला बैंड सबसे पहले बालों को ही नुकसान पहुंचाने का काम करता है। यदि लंबे समय तक रबरबैंड का प्रयोग बालों को बांधने के लिए किया जाए तो वे कमजोर होकर टूटने लगते हैं, खासकर जबकि उसे बहुत टाइट बांधा गया हो। इससे कई बार सिर के खास हिस्से से बाल कम होने लगते हैं और कई बार यह सिरदर्द का कारण भी बनता है।

**ब्लड सर्कुलेशन खत्म हो सकता है :** हाथों पर लगातार रबर बैंड बांधे रखने से न केवल उस हिस्से पर लाल लकीर जैसी बन जाती है बल्कि स्थिति इससे भी गंभीर हो सकती है। इसकी वजह से जोड़ों से संबंधित जानलेवा परेशानी एक्यूट कम्पार्टमेंट सिंड्रोम हो सकता है, जिसमें शरीर का एक हिस्सा लंबे समय तक दबाव की स्थिति में होता है और शरीर के बाकी हिस्सों से अलग-थलग पड़ जाता है। यह स्थिति खतरनाक हो सकती है।



# ब्रेकफास्ट में बढ़ाएं एंटीऑक्सीडेंट का डोज

**केमिकल** के कारण आपकी ऊर्जा का ह्रास होता है और यह आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाता है। एंटीऑक्सीडेंट प्राकृतिक रूप से खाद्य और पेय पदार्थों में मौजूद होता है। इसलिए अपने नाश्ते में अधिक से अधिक एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करने की कोशिश करें।

## बेरीज खाएं भरपूर मात्रा में

शोधों में यह बात सामने आई है कि बेरीज खाना हर दिन एंटीऑक्सीडेंट के डोज को प्राप्त करने का सेहतमंद तरीका है। सेब, नाशपाती, आलूबुखारा, अन्नानास, चेरीज और कीवी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य हैं। बेरीज सबसे आसान तरीका है इसको नाश्ते में शामिल करने का। इसके लिए विभिन्न प्रकार के फलों को एंटीऑक्सीडेंट के रूप में लें।

## इस तरह करें शामिल

- एक कप लो फैट दही में एक कप स्ट्रॉबेरी और रस्पबेरी को ब्लेंडर में डालकर स्मूदी बनाएं। आप चाहें तो स्वाद के लिए इसमें वेनिला भी डाल सकते हैं।
- ब्लूबेरीज को एक कप ऑरेंज जूस और एक केले के साथ ब्लेंड करके भी नाश्ते में ले सकते हैं।
- ओट्स का नाश्ता ले रहें हों तो रस्पबेरी को इसके ऊपर डालकर खाएं
- यदि पेनकेक बना रहे हैं तो इसे उसके बैटर में डालकर खा सकते हैं।

## ऑमलेट बनाकर खाएं

अंडे में पालक काटकर डालें और उससे ऑमलेट तैयार करें। पालक एंटीऑक्सीडेंट और अन्य विटामिन व मिनरल से भरपूर होते हैं। वैसे पालक को ऑमलेट के साथ बहुत अधिक पकाएं नहीं, बल्कि जब यह गर्म हो उस समय उसमें डालें।

## बनाएं और भी हेल्दी

- शिमला मिर्च एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, और इन्हें ऑमलेट की एक बेहतर सामग्री के रूप में शामिल कर सकते हैं। लेकिन उससे पहले इसे हल्का भून लें।
- ब्रॉकली को एंटीऑक्सीडेंट का पावरहाउस माना जाता है। इसे माइक्रोवेव में पहले भून लें, फिर डिनर में बची हुई ब्रॉकली को ऑमलेट में मिलाकर बनाएं।
- यदि शकरकंद पर उसकी स्किन को रहने दिया जाए तो यह एंटीऑक्सीडेंट का बेहतरीन स्रोत हो सकता है। पके हुए शकरकंद को ऑमलेट के साथ सर्व करें।



## नट्स खाएं

नट्स के कई प्रकारों में एंटीऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा पाई जाती है। चूंकि, नट्स में अच्छी-खासी मात्रा में फैट होता है, इसलिए इन्हें खाने के दौरान सावधानी बरतने की जरूरत है। अखरोट, पिस्ता और बादाम में उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है।

## इस तरह शामिल करें

- ओट्स में शहद के साथ थोड़ी मात्रा में बादाम की कतरनें भी डाल सकते हैं। इसके साथ ही इसमें बेरीज भी डाल सकते हैं।
- अपने सीरियल में कुछ मात्रा में अखरोट डालें, इसे आप ठंडे या गर्म दोनों प्रकार के सीरियल में मिला सकते हैं।
- बादाम बटर को आप अपने ब्रेकफास्ट में शामिल करें, चाहें तो इसे टोस्ट के ऊपर लगाकर खा सकते हैं।

## लाभदायक एंटीऑक्सीडेंट

- सुबह उठकर या फिर पूरे दिन ग्रीन टी पी सकते हैं, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट की उच्च मात्रा आपकी सेहत को कई अन्य प्रकार से लाभ पहुंचाती है।
- कॉफी में उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, लेकिन इसमें अधिक शकर, क्रीम और अन्य फ्लेवर न मिलाएं।

# खुद ही जांचें पोषण की कमी



**यदि** आप पाते हैं कि आप अक्सर ही बीमार पड़ते हैं तो इसका मतलब है कि आप पर्याप्त मात्रा में विटामिन और पोषक तत्व नहीं ले रहे हैं। इसके लिए आप सेल्फ टेस्ट कर सकते हैं। खुद की जांच के लिए चार प्रकार के टेस्ट किए जाते हैं जोकि प्रमुख पोषक तत्वों के ना मिलने की ओर संकेत देते हैं।

### स्टर्नम थम्ब टेस्ट

यदि आप पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी ले रहे हैं तो यह टेस्ट उसके संकेत देता है। जब बात इम्यून सिस्टम को एक्टिवेट करने की आती है तो यह विटामिन आवश्यक भूमिका निभाता है। यह इम्यून सिस्टम की रक्षा करने वाले तंत्रों को अलर्ट रखता है। साथ ही यह विटामिन हड्डियों और मांसपेशियों को ताकत पहुंचाने में भी अहम माना जाता है। इसे जांचने के लिए आपका अंगूठा ही काफी है। अपने अंगूठे को ब्रेस्टबोन पर रखें, यह आपका स्टर्नम है। आप चाहें तो शिन्बोन या पिंडली की हड्डी को भी इसके विकल्प के रूप में दबाकर देख सकते हैं। यदि इन बोन्स को दबाने से वह मुलायम महसूस हो या आपको दर्द महसूस हो तो इसका मतलब है कि आपको विटामिन डी की कमी है। वैसे 90 प्रतिशत विटामिन डी की पूर्ति सूर्य की रोशनी से होती है। बाकी आहार के जरिए इसकी कमी को पूरा किया जा सकता है।

### बैलेंस टेस्ट

यदि आप पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी 12 ले रहे हैं तो यह टेस्ट उसके संकेत देता है। इसका निम्न स्तर न केवल आपकी इम्यूनिटी के स्तर को दबाने का काम करता है, बल्कि ऊर्जा के स्तर को भी कम करता है। इससे व्यक्ति को तनाव या अवसाद महसूस होता है। विटामिन बी 12 की कमी से व्यक्ति के स्पष्ट रूप में सोचने की क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। खड़े हो जाएं। अपने दोनों पैरों को एक साथ जोड़कर रखें और अपने हाथों को आपस में दोनों साइड में। इसके बाद अपनी आंखों को बंद रखें और अपने एक पैर को सामने की ओर ले जाएं और ऐसा तीन सेकंड तक रुककर करने की कोशिश करें। इस प्रक्रिया को किसी दीवार के सामने या अपने दोस्त के साथ करें, ताकि असंतुलन की स्थिति में आप संभल जाएं। यदि आपका संतुलन बिगड़ता है तो इसका मतलब है कि आपको विटामिन बी12 की कमी है। इसकी पूर्ति मछली, दही और चीज आदि से की जा सकती है। शाकाहारी इसकी पूर्ति सप्लीमेंट के जरिए कर सकते हैं।

### माउथ सोर टेस्ट

यह पर्याप्त मात्रा में विटामिन 6 लेने के संकेत देता है। यह महत्वपूर्ण पोषक तत्व है जोकि इम्यूनिटी को मजबूत बनाने का काम करता है। यदि पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी 6 न लिया जाए, तो मतिभ्रम, डिप्रेशन, चिड़चिड़ापन और मुंह या जीभ में सूजन की समस्या हो सकती है। इससे शरीर में सूजन की परेशानी हो सकती है। घर पर आईने में अपने चेहरे का परीक्षण करें। सबसे पहले मुंह के बाहरी हिस्से से शुरुआत करें। देखें यदि होंठ के किनारों पर क्रैक के लक्षण नजर आ रहे हों, फिर अपने मुंह को थोड़ा ज्यादा खोलें और सूजन की जांच करें। जीभ के निचले हिस्से को चेक करना न भूलें। यदि आपको कोई घाव या सूजन मुंह के अंदर या बाहर नजर आ रही हो तो इसका मतलब है कि आपको पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी6 की प्राप्ति नहीं हो रही है।

### स्किन टेस्ट

पर्याप्त मात्रा में विटामिन ए की पूर्ति हो रही है या नहीं यह टेस्ट उसका संकेत देता है। यह महत्वपूर्ण विटामिन आपकी त्वचा, दांतों और हड्डियों की सेहत को बनाए रखने में मदद करता है। इस टेस्ट के लिए आपको पूरे शरीर की जांच करने की जरूरत होती है। इसके लिए अपने शरीर के चारों ओर ड्राय स्पॉट देखने की कोशिश करें। रूखी, खुरदुरी और फटी हुई स्किन, कमजोर बाल, टूटते या निकलते नाखूनों की जांच करें।

# गांगुली बोले, हम आईपीएल करवाना चाहते हैं लेकिन लोगों की सुरक्षा प्राथमिकता



**मुंबई।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने शनिवार को कहा कि कोविड 19 के प्रकोप के कारण 15 अप्रैल तक स्थगित आईपीएल अगर होता है तो छोटा होगा बशर्ते हालात में सुधार आए।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस साल आईपीएल 15 अप्रैल तक स्थगित करने का फैसला किया जो पहले 29 मार्च से शुरू होना था। यह पूछने पर कि क्या आईपीएल छोटा होगा, गांगुली ने कहा, ह्यऐसा ही होगा क्योंकि 15 दिन वैसे भी बीत चुके होंगे। छोटा करना ही होगा। कितना छोटा होगा, यह मैं कह नहीं सकता।

भारत के पूर्व कप्तान गांगुली आईपीएल संचालन परिषद की बैठक के बाद पत्रकारों से रूबरू थे। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज रद्द होने और आईपीएल स्थगित होने के फैसले के एक दिन बाद उन्होंने दोहराया कि सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।

गांगुली ने कहा, हम आगे भी स्थिति पर नजर रखेंगे। सुरक्षा सर्वोपरि है। हमने मौजूदा हालात और सरकार के निर्देश को मद्देनजर रखकर घरेलू मैच भी स्थगित कर दिए हैं।

फ्रेंचाइजी मालिकों और बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों के बीच हुई बैठक में आईपीएल छोटा करने समेत छह से सात विकल्पों पर बात की गई।

गांगुली ने कहा, हमने फ्रेंचाइजी मालिकों से मुलाकात की और उन्हें बताया कि कैसे हो सकता है और इस समय क्या स्थिति है। फिलहाल यह स्थगित हुआ है। हम हालात की समीक्षा करेंगे।

उन्होंने कहा, हम हर सप्ताह हालात की समीक्षा करेंगे। इस पर काम करना होगा। हम आईपीएल की मेजबानी करना चाहते हैं लेकिन सुरक्षा की अनदेखी नहीं कर सकते।

भारत में अभी तक कोरोना वायरस के 80 मामले सामने आए हैं और दो मौते हो चुकी है। दुनिया भर में इससे 5000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं जबकि 150000 के करीब लोग संक्रमित हैं। वैकल्पिक योजना के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, अभी कुछ नहीं कह सकता। एक सप्ताह का समय दीजिए। देखते हैं कि क्या होता है।

## भारत को आसान ड्रॉ, अगले डेविस कप मुकाबले में फिनलैंड से भिड़ेगा

**नई दिल्ली।** भारत को शुक्रवार को हुए ड्रॉ में डेविस कप विश्व ग्रुप एक मुकाबले के लिए सितंबर में फिनलैंड से भिड़ना है। भारत को डेविस कप क्वॉलिफायर में क्रोएशिया से 1-3 से हार मिली थी जबकि फिनलैंड ने विश्व ग्रुप प्ले ऑफ में मेक्सिको को 3-2 से हराया था।

यह भारत के लिए आसान ड्रॉ होगा क्योंकि कोई भी फिनलैंड का एकल खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल नहीं है। भारतीय कप्तान रोहित राजपाल भी इस बात को मानते हैं लेकिन साथ ही वह सतर्क रहने की भी बात करते हैं।

राजपाल ने पीटीआई से कहा, ह्यहां यह हमारे लिए आसान ड्रॉ है। लेकिन डेविस कप विश्व ग्रुप में कोई भी टीम आसान नहीं है। हमारे पास तैयारी के लिए काफी समय है, मुझे पूरा भरोसा है कि हम अगले चरण के लिए क्वॉलिफाइ करेंगे। इस मुकाबले का विजेता डेविस कप क्वॉलिफायर में पहुंच जाएगा।

## आईपीएल स्थगित, सीएसके के ट्रेनिंग कैंप से नए लुक में चेन्नै से रवाना हुए एमएस धोनी

**चेन्नै।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी संडे को चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) के ट्रेनिंग कैंप से रवाना हो गए, क्योंकि कोविड-19 महामारी के चलते आईपीएल के 13वें चरण को 15 अप्रैल तक निलंबित कर दिया गया है। वह इस महीने के शुरू में चेन्नै सुपर किंग्स के ट्रेनिंग कैंप के लिए चेन्नै आए थे और काफी संख्या में मौजूद खेल प्रेमियों की उपस्थिति में बेस से रवाना हुए।

चेन्नै सुपर किंग्स ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक विडियो के साथ लिखा, यह आपका घर बन गया है सर। विडियो में उनके काफी प्रशंसक दिख रहे हैं जो धोनी की एक



झलक पाने के लिए के लिए बेताब थे। धोनी ने भी उन्हें ऑटोग्राफ दिए और प्रशंसकों से बातचीत भी की। धोनी का नया लुक भी इसमें दिख रह है जिसमें वह फ्रेंच कट दाढ़ी में दिख रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को आईपीएल को 15 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया। 38 साल के धोनी ने पिछले साल इंग्लैंड में 50 ओवर के वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत को न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद से किसी भी फॉर्मेट का मैच नहीं खेला है। अपने भविष्य को लेकर धोनी ने कुछ भी साफ नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने शनिवार को आईपीएल के फ्रेंचाइजियों के मालिकों के साथ बोर्ड के मुख्यालय में बैठक की, जहां फैसला लिया गया कि वे इस महीने के आखिर तक देखो और इंतजार करो की नीति पर चलेंगे। इसके बाद ही वे आईपीएल के 13वें संस्करण के भाग्य को लेकर आगे कोई फैसला करेंगे।

## विश्व कप 1975: जब हार की कसक बनी थी भारतीय हॉकी टीम के लिए जीत की प्रेरणा

**नई दिल्ली।** पैतालीस बरस पहले 15 मार्च को कुआलालम्पुर में विश्व कप फाइनल में जब भारतीय हॉकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ उतरी तो पूरा देश रेडियो पर कान लगाए बैठा था लेकिन मैदान पर उतरे भारतीय खिलाड़ियों के जेहन में एक ही बात थी कि दो साल पहले मिली हार का बदला चुकता करना है।

दुनिया में आज चौथे नंबर की टीम भारत ने एकमात्र विश्व कप कुआलालम्पुर में 15 मार्च 1975 को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर जीता था। भारत नीदरलैंड में 1973 विश्व कप फाइनल में मेजबान से हार गया था। फाइनल के 51वें मिनट में पाकिस्तान के खिलाफ विजयी गोल दागने वाले अशोक कुमार ने बातचीत में कहा, हम 1973 में जीत के करीब पहुंचकर हारे थे और यह कसक सभी खिलाड़ियों के मन में थी। दो गोल से बढत लेने के बाद हमने हालैंड को बराबरी का मौका दे दिया। अतिरिक्त समय में मैने गोल मिस किया। सडन डैथ में हमने पेनल्टी स्ट्रोक चूका और टाइब्रेकर में हार गए थे। उन्होंने कहा, अब हमारे पास मौका था उस कसक को दूर करने का। चंडीगढ में हमने तैयारी की जहां रोज सैकड़ों लोग अभ्यास देखने आते थे। ज्ञानी जैल सिंह मुख्यमंत्री और उमराव सिंह खेल मंत्री थे जो हफ्ते में दो बार मैदान पर आते थे। हमारे हौसले बुलंद थे। वहीं सेमीफाइनल में मलेशिया के खिलाफ बराबरी का गोल करके भारत को फाइनल की दौड़ में लौटाने वाले असलम शेर खान ने कहा, हम चंडीगढ से ठानकर निकले थे कि जीतकर ही लौटना है। यही पक्का इरादा हमारी जीत की कुंजी था। हम देश के लिये जीतना चाहते थे और यही जज्बा टीम के हर सदस्य में था। उन्होंने कहा, सेमीफाइनल में जब मुझे उतारा गया तब भारत पीछे था और मेरे जीवन का सबसे अनमोल पल रहा जब मैने 65वें मिनट में बराबरी का गोल किया। हार की कगार पर पहुंचकर मिली जीत ने हमारे हौसले बुलंद किए और पाकिस्तान फाइनल में मजबूत टीम होने के बावजूद हमारे आत्मविश्वास का मुकाबला नहीं कर सका। वहीं अशोक कुमार ने कहा, मेरे ऊपर अपेक्षाओं का बोझ था क्योंकि मैं ध्यानचंद का बेटा था और आलोचकों की नजरें भी मुझ पर थी। मैने इसे सकारात्मक लिया और जब मलेशिया में होटल पहुंचे तो लॉबी में रखे विश्व कप को देखकर प्रण किया कि इस बार मेरी ओर से कोई कसर बाकी नहीं रखूंगा। फाइनल के दिन को याद करते हुए उन्होंने कहा, फाइनल के दिन पूरे देश में छुट्टी कर दी गई थी और रेडियो पर कमेंट्री सुनने के लिए मानो पूरा भारत कान लगाये बैठा था। असलम ने बताया कि जीत के बाद मलेशिया में भारतीय समुदाय जश्न में डूब गया और हर जगह भारतीय टीम के स्वागत में हजारों लोग ऑटोग्राफ और फोटो के लिए खड़े रहते थे।

## कोलकाता के रास्ते स्वदेश लौटेगी साउथ अफ्रीकी टीम

**कोलकाता।** साउथ अफ्रीकी क्रिकेट टीम कोलकाता के रास्ते मंगलवार को स्वदेश के लिए रवाना होगी। मेहमान टीम को भारत दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी थी लेकिन कोरानावायरस के कारण यह सीरीज रद्द कर दी गई है।

बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने कहा कि साउथ अफ्रीका की टीम अब सोमवार को कोलकाता पहुंचेगी और फिर मंगलवार को स्वदेश के लिए रवाना होगी। तय कार्यक्रम के मुताबिक अफ्रीकी टीम दुबई के रास्ते स्वदेश पहुंचेगी। डालमिया ने कहा, वे (साउथ अफ्रीकी क्रिकेट टीम) सोमवार को यहां पहुंचेगी और अगले दिन सुबह स्वदेश के लिए रवाना होगी। बीसीसीआई एयरपोर्ट के पास ही उनके रहने की इंतजार कर रहे हैं। हमने इस बारे में मुख्यमंत्री से भी बातचीत की है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच धर्मशाला में खेला जाना था लेकिन बारिश के कारण यह मैच नहीं हो सका था। इसके बाद लखनऊ में दूसरा वनडे 15 मार्च और तीसरा वनडे कोलकाता में 18 मार्च को खेला जाना था और कोरोनावायरस के कारण बाद में उसे भी रद्द कर दिया गया था।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# इसलिए पति की मूवी में काम नहीं करतीं विद्या

**विद्या** बालन इस समय बॉलिवुड की सबसे टैलंटेड ऐक्ट्रेस में से एक हैं। हाल में विद्या की फिल्म 'मिशन मंगल' रिलीज हुई है जिसे ऑडियंस ने काफी पसंद किया है। विद्या ने कई सारी हिट फिल्में दी हैं लेकिन उन्होंने अभी तक अपने प्रड्यूसर पति सिद्धार्थ रॉय कपूर की किसी भी फिल्म में काम नहीं किया है। हाल में विद्या ने बताया कि वह अपने पति की फिल्म में काम करने से क्यों कतराती हैं। विद्या के मुताबिक, अगर उन्हें कोई भी दिक्कत होती हैं तो वह अपने प्रड्यूसर या डायरेक्टर के साथ बहस कर सकती हैं लेकिन सिद्धार्थ के साथ वह ऐसा नहीं कर सकती हैं। विद्या का यह भी मानना है कि वह इसलिए भी अपने पति की फिल्मों में काम नहीं करना चाहतीं क्योंकि वह अपने पति से रिश्ते खराब नहीं कर सकती हूं। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसा कई बार हुआ है कि जबकि सिद्धार्थ और विद्या को कोई स्क्रिप्ट पसंद आ गई थी लेकिन दोनों में से किसी एक ने उसे छोड़ दिया। विद्या ने यह भी कहा कि वह अपने पति से अपने मेहनताने को लेकर मोलभाव नहीं कर सकती हैं।



# सोते हुए आमिर खान के साथ करीना कपूर की सेल्फी



**यदि** आप यह समझ रहे हों कि आमिर खान एक्ट्रेस करीना कपूर खान के पसंदीदा को-स्टार हैं तो आप गलत समझ रहे हैं। खुद करीना कपूर खान ने इसका खुलासा किया है। आमिर खान के बर्थडे पर करीना कपूर ने एक तस्वीर शेयर करते हुए इसके बारे में बताया। दरअसल, करीना कपूर ने आमिर खान को बड़े ही मजाकिया तरीके से विश किया है। उन्होंने आमिर संग एक फोटो शेयर की है। फोटो में आमिर तकिया हाथ में लिए सो रहे हैं। फोटो कैप्सन में करीना ने लिखा- मेरा पसंदीदा को-स्टार आमिर खान का तकिया। बता दें कि आमिर खान और करीना अपनी आगामी फिल्म लाल सिंह चड्ढा के लिए पंजाब में शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म में करीना आमिर की पार्टनर के किरदार में होंगी। आमिर और करीना के अलावा मूवी में मोना सिंह भी अहम रोल में हैं। बता दें कि आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा साल 1994 में रिलीज हुई फिल्म फॉरेस्ट गंप का हिंदी रीमेक है। मूल फिल्म का निर्देशन रॉबर्ट जमैकिस ने किया था और इसकी कहानी विन्सटन ग्रूम ने लिखी थी। फिल्म में टॉम हैंक्स ने लीड रोल प्ले किया था। हाल ही में आमिर खान एक्टर गिप्पी ग्रेवाल के बेटे के साथ नजर आए थे।



# गोविंदा ने की रणवीर सिंह की तारीफ



**बॉलिवुड** में रणवीर सिंह चर्चित ऐक्टर्स में से एक हैं और हमेशा अपने आप को सुर्खियों में बनाए रखते हैं। एक अवॉर्ड समारोह के दौरान रणवीर सिंह से प्रशंसा पाने के बाद टैलंटेड ऐक्टर गोविंदा काफी भावुक हो गए हैं। गोविंदा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर रणवीर सिंह को 'सुपरस्टार' कहा है। गोविंदा ने रणवीर सिंह के लिए कहा, 'मैं आपसे (एक अवार्ड शो में) मिला और मैंने आपका डांस देखा और जिस मूव के जरिए आपने मुझे सम्मान दिया, वह भी ध्यान में है। मेरे पास एक इंसान और ऐक्टर के तौर पर आपकी प्रशंसा करने के लिए शब्द नहीं हैं। सम्मान के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद और मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि आप इस उद्योग के अगले सुपरस्टार बनें।' गोविंदा ने आगे कहा, 'मैंने यह पहले भी कहा है और मैं आपको अपनी फिल्मों के माध्यम से भारत का सुपरस्टार बनते देख रहा हूं। मुझे अच्छा लगता है आपको चमकते और ऊंचे उठते हुए देखना। भगवान आप पर कृपा करें और ढेरों शुभकामनाएं। एक अवॉर्ड शो में परफॉर्मेंस के दौरान रणवीर सिंह ने गोविंदा को उनकी प्रेरणा बनने के लिए शुक्रिया अदा किया था। उन्होंने कहा था कि गोविंदा को देखकर ऐक्टर बनने का फैसला किया।